हरकोर्ट-बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 02.11.2016 को अपरान्ह 12.30 बजे सम्पन्न प्रथम बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नोक्त सदस्य उपस्थित हुयेः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एम0जेड0 खान<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर<br>एवं<br>अध्यक्ष, वित्त समिति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री एस0पी0 सिंह, (प्रतिनिधि वित्त विभाग)<br>अपर निदेशक,<br>कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | श्री शत्रुघ्न सिंह<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर । | सदस्य |
| 4. | श्री राजेश सिंह<br>वित्त नियन्त्रक,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर । | सदस्य-सचिव |
| 5. | श्री प्रदीप कुमार<br>वित्त एवं लेखाधिकारी,<br>एच0बी0टी0आई0, कानपुर। | विशेष-आमंत्री |

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विशेष सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा अनुभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन,<br>लखनऊ। | सदस्य |

1.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की प्रथम वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति महोदय एवं प्रतिभाग कर रहे माननीय सदस्यों का स्वागत।

समिति के सदस्य सचिव श्री राजेश सिंह वित्त नियन्त्रक एच0बी0टी0यू0, कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की प्रथम वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा0 कुलपति महोदय एवं समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया तथा मा0 कुलपति, वित्त नियन्त्रक एवं कुलसचिव के पदों पर शासन द्वारा तैनाती के कम में योगदान से समिति को अवगत कराया।

1.02 हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 30.03.2016 की अपरान्ह 3:30 वजे सम्पन्न 64वीं बैठक के कार्यवृत्त एवं तत्सम्बन्धी कार्यवाही का विवरण।

समिति ने दिनांक 30.03.2016 की अपरान्ह 3:30 बजे सम्पन्न 64वीं बैठक के कार्यवृत्त एवं तत्सम्बन्धी कार्यवाही का संज्ञान लिया एवं निर्देशित किया कि अधूरे कार्यो का निस्तारण अविलम्ब कर लिया जाय।

1.03 हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के वित्तीय वर्ष 2015–16 एवं, वर्ष 2016–17 में 01 अप्रैल 2016 से 31 अगस्त 2016 तक वास्तविक व्यय का विवरण।

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में ₹ 2918.95 लाख के अनुमोदित व्यय प्राविधानों के विरुद्ध वेतन भत्तों एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त अन्य आयोजनेत्तर व्ययों के लिए क्रमशः ₹ 2072.53 लाख एवं ₹ 716.68 लाख के व्यय का अवलोकन के साथ वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए वेतन भत्तों एवं वेतन भत्तों के

लाख के व्यय प्राविधानों को मिलाकर कुल ₹ 3395.80 लाख के अनुमोदित व्यय प्राविधानों के विरुद्ध 01 अप्रैल 2016 से 31 अगस्त 2016 तक वेतन भत्तों के लिए ₹ 1131.04 लाख एवं वेतन भत्तों के अतिरिक्त अन्य आयोजनेत्तर व्ययों के लिए ₹ 308.66 लाख के किये गये व्यय पर अनुमोदन प्रदान किया। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2015-16 में होने वाला कुल अनुमानित व्यय | वित्तीय वर्ष 2015-16 का वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2016-17 का अनुमोदित बजट | 1 अप्रैल 2016 से 31 अगस्त 2016 तक वास्तविक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **वेतन भत्ते** | | | | |
| | **(अ) शिक्षक** | | | | |
| | (क) वेतन | 536.56 | 533.57 | 650.38 | 336.09 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 620.61 | 617.81 | 750.44 | 309.86 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 24.18 | 23.88 | 59.18 | 10.41 |
| | (ब) प्रशासन | | | | |
| | (क) वेतन | 51.80 | 48.42 | 53.46 | 19.04 |
| | **(ख) महँगाई भत्ता** | 57.40 | 45.64 | 68.09 | 21.58 |
| | **(ग) अन्य भत्ते** | 53.05 | 40.74 | 53.10 | 18.57 |
| | **(स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी** | | | | |
| | (क) वेतन | 316.73 | 314.74 | 315.79 | 161.70 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 355.47 | 355.46 | 407.39 | 194.91 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 34.65 | 32.57 | 35.47 | 11.08 |
| | (घ) ए0सी0पी0 एरियर | 60.00 | 59.70 | 60.00 | - |
| | (ड0) आउट सोर्सिंग | - | - | 108.00 | 47.80 |
| | योग (अ+ब+स) | **2110.45** | **2072.53** | **2561.30** | **1131.04** |
| 2 | यात्रा व्यय | 5.00 | 1.78 | 5.00 | 0.39 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 18.00 | 11.62 | 25.00 | 3.62 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 5.00 | 4.96 | 6.00 | 2.56 |
| 5 | गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 8.00 | 6.40 | 8.00 | 3.01 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 15.00 | 4.02 | 15.00 | 1.63 |
| 7 | **विज्ञापन** | 11.00 | 10.08 | 12.00 | 4.66 |
| 8 | छात्रवृत्ति | 6.00 | 0.26 | 6.00 | - |
| 9 | किराया उपशुल्क तथा कर स्वामित्व | **55.00** | **55.00** | **50.00** | 44.27 |
| 10 | भवनों / सड़कों / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 120.00 | 120.00 | 120.00 | 43.24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (क) विभागीय व्यय | 20.00 | 19.07 | 25.00 | 3.75 |
| | (ख) विद्युत व्यय | 165.00 | 165.00 | 150.00 | 61.80 |
| 2 | विभागीय शैक्षिक व्यय | 5.00 | 1.25 | 10.00 | 0.16 |
| 3 | चिकित्सालय | 5.00 | 1.30 | 5.00 | 0.01 |
| 4 | आडिट फीस | 30.00 | 30.00 | 50.00 | 50.00 |
| 5 | चयन समिति के विषेषज्ञों तथा बोर्ड आफ स्टडीज के मा० सदस्यों का मानदेय | 2.00 | 2.00 | 3.00 | 0.16 |
| 6 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 40.00 | 38.62 | 40.00 | 20.60 |
| 17 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 4.24 | 10.00 | 1.30 |
| 8 | परीक्षा संचालन | 40.00 | 25.73 | 40.00 | 6.65 |
| 9 | प्रत्यायन शुल्क | 15.00 | 15.00 | 15.00 | - |
| 20 | अंशकालिक एम०टेक० पाठ्यक्रमों के व्यय हेतु धनराशि | 12.50 | 10.75 | 19.50 | - |
| | योग | 2697.95 | 2600.11 | 3175.80 | 1378.85 |

## यूजर चार्जेज

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 120.00 | 120.00 | 120.00 | 25.82 |
| 2 | छात्र क्रियाकलाप एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 21.00 | 21.00 | 20.00 | 7.16 |
| 3 | इन्टरनेट | 20.00 | 2.64 | 10.00 | 1.13 |
| 4 | पुस्तकालय (पुस्तकों एवं जर्नल्स का क्रय) | 50.00 | 35.73 | 50.00 | 26.74 |
| 5 | प्रयोगशालाओं में लगे उपकरणों की मरम्मत एवं उनके उच्चीकरण करने का प्रस्ताव | 10.00 | 9.73 | 20.00 | - |
| | योग | 221.00 | 189.10 | 220.00 | 60.85 |
| | कुल योग | 2918.95 | 2789.21 | 3395.80 | 1439.70 |
| | शासन से प्राप्त अनुदान (–) | 1308.34 | 1308.34 | 1398.10 | |
| | संस्थान की प्राप्तियाँ (–) | 1749.22 | 1641.03 | 1652.22 | |
| | पूर्व वर्षो की बचत (–) | -358.96 | -358.96 | -198.80 | |
| | बचत | -220.35 | -198.80 | -544.28 | |

1.04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के लिये 01 सितम्बर 2016 से 31 मार्च 2017 तक के अनुमानित व्यय प्रस्तावों पर विचार ।

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 के द्वारा 01 सितम्बर 2016 से हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कार्यशील होने के फलस्वरूप 01 सितम्बर 2016 से 31 मार्च 2017 के तक के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों /अधिकारियों /कर्मचारियों के वेतन भत्तों तथा विश्वविद्यालय के अन्य आयोजनेत्तर व्ययों, एवं सुदृणीकरण, विभागों की मरम्मत, पूर्वी एवं पश्चिमी प्रागणों में वाई–फाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने, विभिन्न विभागों के प्रयोगार्थ उपकरणों के कय किये जाने के लिए कमशः ₹ 1717.90 लाख, ₹ 609.00 लाख, एवं ₹ 626.20 लाख, के प्रस्तावों को मिलाकर कुल ₹ 2953.10 लाख के प्रस्तुत प्रस्तावों पर समिति ने अनुमोदन प्रदान किया। विवरण निम्नवत् है :–

| कम सं0 | मद | 1 सितम्बर 2016 से 31 मार्च 2017 तक प्रस्तावित व्यय |
|---|---|---|
| 1 | वेतन भत्ते | |
| | (अ) शिक्षक | |
| | (क) वेतन | 425.75 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 546.90 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 40.37 |
| | (ब) प्रशासन | |
| | (क) वेतन | 42.07 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 53.68 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 52.50 |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | |
| | (क) वेतन | 178.55 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 230.43 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 27.45 |
| | (घ) ए0सी0पी0 एरियर | 60.00 |
| | (ड0) आउट सोर्सिग | 60.20 |
| | योग (अ+ब+स) | 1717.90 |
| 2 | यात्रा व्यय | 5.00 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 32.00 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 3.50 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 5.00 |
| 6 | न्यायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | [illegible] |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर / जल प्रभार आदि | 6.00 |
| 10 | भवनों / सड़कों / अतिथि गृह / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 75.00 |
| 11 | डिपार्टमैन्टल आपरेटिंग कास्ट आदि का रखरखाव | |
| | (क) विभागीय व्यय | 22.00 |
| | (ख) विद्युत व्यय | 88.00 |
| 12 | विभागीय शैक्षिक व्यय | 10.00 |
| 13 | चिकित्सालय | 5.00 |
| 14 | आडिट फीस | |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 20.00 |
| 16 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति | 8.50 |
| 17 | परीक्षा संचालन | 33.50 |
| 18 | प्रत्यायन शुल्क | 15.00 |
| 19 | अंशकालिक एम0टेक0 पाठ्यकमों के व्यय हेतु धनराशि | 8.50 |
| 20 | विवेकाधीन कोष | 10.00 |
| 21 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 28.00 |
| 22 | वाहन का कय | 45.00 |
| **23** | **विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण / अवस्थापना, प्रयोगशाहलाओं के रिनोवेशन** एवं उपकरणों के कय हेतु | 626.20 |
| | योग | **2791.10** |

## यूजर चार्जेज

| | | |
|---|---|---|
| 1 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 95.00 |
| 2 | छात्र कियाकलाप एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 13.00 |
| 3 | इन्टरनेट | 9.00 |
| 4 | पुस्तकालय (पुस्तकों एवं जर्नल्स का कय) | 25.00 |
| 5 | प्रयोगशालाओं में लगे उपकरणों की मरम्मत एवं उनके उच्चीकरण करने का प्रस्ताव | 20.00 |
| | योग | **162.00** |
| | कुल योग | **2953.10** |
| | 1 अप्रैल 2016 से 31 अगस्त 2016 तक संस्थान का वास्तविक व्यय | **1439.70** |
| | शासन से प्राप्त होने वाला अनुदान (–) | **1398.10** |
| | **संस्थान की होने वाली प्राप्तियाँ (–)** | **1652.22** |
| | पूर्व वर्षो की बचत (–) | **-198.80** |
| | बचत | **-1541.28** |

1.05 बाह्य एजेन्सियों, ए0आई0सी0टी0ई0 नई दिल्ली, डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0, सी0एस0आई0आर0 नई दिल्ली, द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित किये जाने पर विचार।

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में वाह्य एजेन्सियों, ए0आई0सी0टी0ई0 नई दिल्ली, डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0 सी0एस0आई0आर0 नई दिल्ली, द्वारा हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में प्रायोजित परियोजनाओं के हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय में संचालन जारी रखने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.06 विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय, वित्त नियन्त्रक, कुलसचिव एवं परीक्षा नियन्त्रक के प्रयोगार्थ वाहन कय किये जाने पर विचार।

समिति द्वारा मा0 कुलपति महोदय, वित्त नियन्त्रक, कुलसचिव एवं परीक्षा नियन्त्रक के प्रयोगार्थ वाहन कय किये जाने के प्रस्ताव पर मा0 कुलपति महोदय के प्रयोगार्थ एक इनोवा कार कय करने एवं दो वाहन किराये पर आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.07 रूसा से अनुदानित अनुदान के विरुद्ध पूर्व में अनुमोदित कार्यों को अवलोकनार्थ।

समिति द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) से विश्वविद्यालय के लिए ₹ 55.00 करोड़ प्राप्त सैद्धान्तिक स्वीकृति एवं शासन को प्रेषित किये गये प्रस्तावों का अवलोकन किया गया।

1.08 विश्वविद्यालय बनने पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत 10.00 करोड़ के प्रस्तुत प्रस्तावों के अवलोकनार्थ।

समिति द्वारा विश्वविद्यालय बनने पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत ₹10.00 करोड़ के विरुद्ध शासन को प्रस्तुत किये गये प्रस्तावों का अवलोकन किया गया।

1.09 विभागाध्यक्षों/अनुभाग प्रभारी आदि को स्थाई अग्रिम की सीमा के निर्धारण पर विचार।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विभागाध्यक्षों/अनुभाग प्रभारियों आदि को स्थाई अग्रिम की सीमा ₹ 1000.00 के स्थान पर ₹ 5000.00 एवं मा0 कुलपति महोदय के कार्यालय हेतु ₹ 7500.00 निर्धारण किये के साथ ही क्रय नियमों का पालन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.10 विभिन्न विभागों/अनुभागों की प्रयोगशालाओं एवं कार्यालयों की मरम्मत/रिनोवेशन एवं उपकरणों के क्रय किये जाने पर विचार।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विभिन्न विभागों/अनुभागों की प्रयोगशालाओं एवं कार्यालयों की मरम्मत/रिनोवेशन एवं उपकरणों के क्रय हेतु ₹ 626.20 लाख के प्रस्तुत प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान करने के साथ निर्देशित किया गया कि क्रमांक 10 पर पुस्तकालय के लिए प्रस्तावित कार्यों में बायोमैट्रिक एवं स्मार्ट कार्ड की व्यवस्था की अनुमन्यता के साथ क्रमाक 14 पर उल्लिखित पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण में वाई–फाई सुविधा शासकीय एजेन्सी यथा यू0पी0 डेस्को, यू0पी0एल0सी0 आदि से प्रस्ताव प्राप्त करते हुए तीन वर्ष के वार्षिक रखरखाव अनुबन्ध के साथ क्रय स्थापन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.11 छात्र किया कलाप परिषद के द्वारा निष्प्रयोज्य छात्रों के खेल–कूद के सामानों आदि के नीलामी किये जाने पर विचार।

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त छात्र किया कलाप परिषद के द्वारा निष्प्रयोज्य छात्रों के खेल–कूद के सामानों आदि के नीलामी निर्धारित प्रकिया के माध्यम से किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

1.12 विश्वविद्यालय में पूर्व में लगे सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त छात्रा छात्रावासों हेतु उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 से सुरक्षा कर्मी आबद्ध किये जाने पर विचार।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में पूर्व में लगे सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त परिसर में समुचित सुरक्षा हेतु प्रस्तावित 12 सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त मा0 कुलपति महोदय के कार्यालय एवं आवास हेतु 03 सुरक्षा कर्मी उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 से तैनात किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.13 वाहन संख्या यू0पी0–78 4550 टवेरा की मरम्मत कराये जाने पर विचार।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के वाहन संख्या यू0पी0–78 4550 टवेरा की मरम्मत सेवेरॅले हेतु अधिकृत एजेन्सी मे0 कासरोड आटो प्राइवेट लि0, कानपुर से कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.14 मा0 कुलपति महोदय, वित्त नियन्त्रक, कुलसचिव एवं परीक्षा नियन्त्रक के यहाँ आने वाले आगन्तुकों को स्वल्पाहार के व्यय सीमा प्रस्ताव पर विचार।

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के कार्यों हेतु बाहर से अतिथिगण मा0 कुलपति महोदय, वित्त नियन्त्रक, कुलसचिव एवं परीक्षा नियन्त्रक के यहाँ आने वाले अतिथिगणों के जलपान की व्यवस्था हेतु मा0 कुलपति महोदय के कार्यालय हेतु ₹ 5000.00 प्रतिमाह, वित्त नियन्त्रक, कुलसचिव, एवं परीक्षा नियन्त्रक के कार्यालय हेतु ₹ 2500.00 प्रतिमाह किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

1.15 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।

1.15.01 <u>हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर निजी एजेंसियों के स्थान पर यू0पी0एस0आई0सी0 अथवा शासन से मान्यता प्राप्त एजेंसियों के माध्यम से कर्मचारियों की आपूर्ति लिये जाने के सम्बंध में।</u>

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के विरुद्ध यू0पी0एस0आई0सी0 अथवा शासनं से मान्यता प्राप्त एजेंसियों के माध्यम से कर्मचारियों की आपूर्ति लिए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.15.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के छात्र/छात्राओं की पुस्तकालय की सुविधा के दृष्टिगत प्रातः 08:00 बजे से सायं 08:00 बजे तक खोले जाने हेतु आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय कानपुर के छात्र/छात्राओं को पुस्तकालय की सुविधा को प्रातः 08:00 बजे से सायं 08:00 बजे तक कराये जाने हेतु उप पुस्तकालयाध्यक्षा के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर स्वीकृत पदो के विरुद्ध रिक्त पदों पर आउट सोर्सिंग यू0पी0एस0आई0सी0 अथवा अन्य शासकीय एजेन्सियों के माध्यम से कर्मचारी आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1.15.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के छात्र/छात्राओं के खेल कूद के मैदान को व्यवस्थित बनाये रखने हेतु ग्राउण्ड रोलर क्रय किये जाने पर विचार।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण स्थित मैदान में टर्फ पिच तैयार करने तथा उसे लगातार व्यवस्थित बनाये रखने हेतु बी0सी0सी0आई0 द्वारा प्रमाणित फर्म से ग्राउण्ड रोलर छात्र क्रियाकलाप परिषद के रिजर्व फण्ड से क्रय किये जाने हेतु ₹ 7.10 लाख की स्वीकृति पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

समिति के अध्यक्ष महोदय द्वारा उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित निर्देश दिये गये।

1. समिति के अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि डीन योजना तथा संशाधन जनन से विश्वविद्यालय की आय वृद्धि हेतु पूर्ण एंव [illegible]

2. टेस्टिंग एवं कन्सलटेन्सी से सम्बन्धित विश्वविद्यालय नियमावली बनाये जाने हेतु विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाये तथा गठित समिति द्वारा विश्वविद्यालय की आय वृद्धि किये जाने के दृष्टिगत नियमावली का प्रारूप तैयार किया जाये।
3. डीन शैक्षिक कियाकलाप की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शुल्क के पुर्ननिर्धारण हेतु एक समिति का गठन किया जाये।
4. (i) विश्वविद्यालय में विद्युत व्यय के परिमाण को देखते हुए विभागाध्यक्ष विद्युत यॉत्रिकी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाये, जो विश्वविद्यालय परिसर में विद्युत मीटर लगवाने एवं विद्युत व्यय प्रतिपूर्ति की सीमा का पुर्ननिर्धारण एवं विद्युत खपत की बचत के सम्बन्ध में समेकित प्रस्ताव प्रस्तुत करे।

(ii) विश्वविद्यालय परिसर में 100 किलोवाट क्षमता हेतु सौर ऊर्जा (ग्रिड आधारित) स्थापना की जाये।
5. परीक्षा नियन्त्रक की अध्यक्षता में परीक्षा शुल्क के पुर्ननिर्धारण हेतु एक समिति का गठन किया जाये।

(राजेश सिंह)
वित्तनियन्त्रक
सदस्य–सचिव

(प्रो0 एम0जेड0 खान)
कुलपति
अध्यक्ष